# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776
E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 2468 / W-23 / 42 दिनांक : 22/06/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

**विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''नगला कुशल में जल जीवन मिशन का अधूरा कामः खुले गडढ़ों से बच्चों–पशुओं की सुरक्षा खतरे में'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''नगला कुशल में जल जीवन मिशन का अधूरा कामः खुले गडढ़ों से बच्चों–पशुओं की सुरक्षा खतरे में ''खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम नवादा खुर्द पेयजल योजना की है। नवादा खुर्द पेयजल योजना जल जीवन मिशन(फेज–3) कार्यक्रम के अर्न्तगत चयनित है। ज्वाइटिंग/टेस्टिंग व कमिशिनिंग का कार्य प्रगति पर है, 2 माह में जलापूर्ति प्रारम्भ हो जायेगी। समाचार पत्र में प्रकाशित फोटोग्राफ, पाइपलाइन ज्वाइटिंग/टेस्टिंग हेतु गडढा को खोदा गया था, जिसको मोटरेबुल कराकर ठीक करा दिया गया है, फोटोग्राफ संलग्न है।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(के0के0 प्रजापति)**
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

## नगला कुशल में जल जीवन मिशन का अधूरा काम: खुले गड्ढों से बच्चों-पशुओं की सुरक्षा खतरे में

अंकुर कुमार | विधीपुर(भरथना), इटावा | 21/06/26



शेयर

जल जीवन मिशन के लिए खोदा गया गड्ढा।

इटावा जिले के महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत नवादा के नगला कुशल मजरे में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। घरों के बाहर खोदे गए गड्ढे ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं, जिससे बच्चों और पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में खुदाई तो कर दी गई, लेकिन अभी तक नियमित पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। खुले पड़े गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घरों के सामने गहरे गड्ढे होने से आवाजाही प्रभावित हो रही है और बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

ग्रामीण दीपक सिंह, महेश सिंह, मनोहर सिंह और केशव सिंह सहित अन्य निवासियों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरे कार्य को जल्द पूरा किया जाए और इन गड्ढों को तत्काल भरा जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

इस मामले में जल निगम के सहायक अभियंता (AE) उमेश चौहान ने बताया कि यह समस्या उनके संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही गड्ढों को भरवाकर इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



खबरें और भी हैं...

2027 में भाजपा 300 पार सीटें जीतेगी-राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत: इटावा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर किए योगाभ्यास










Latitude: 26.65058
Longitude: 79.083706
Elevation: 161.76±14.0 m
Accuracy: 4.789 m
Time: 22-06-2026 18:12
Note: Nawada khurd
Powered by NoteCam


Latitude: 26.650547
Longitude: 79.083631
Elevation: 161.76±13.7 m
Accuracy: 8.441 m
Time: 22-06-2026 18:11
Note: Nawada khurd
Powered by NoteCam


Latitude: 26.65062
Longitude: 79.083586
Elevation: 143.96±17.7 m
Accuracy: 7.887 m
Time: 22-06-2026 18:10
Note: Nawada khurd
Powered by NoteCam


GPS Map Camera
Google
Dhubiyai, Uttar Pradesh, India
M36v+7vj, Nawada - Thana Labedi Rd, Dhubiyai,
Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.660728° Long 79.094505°
Monday, 22/06/2026 06:37 PM GMT +05:30